# शहर में पानी की सप्लाई में समस्या न आए : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 8 मई।** विगत दिनों से सतनबाड़ा फिल्टर प्लांट पर मोटर जलने की लगातार घटनाओं के कारण नगर पालिका शिवपुरी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो

**पेयजल को लेकर सीएमओ को निर्देश**

रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मोटर मरम्मत करने वाले मैकेनिक से भी चर्चा की तथा आवश्यक सुधार कार्य के बाद



मोटरों को पुनः चालू कराया, जिससे शहर में जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने नगर पालिका सीएमओ इशांक धाकड़ को निर्देश दिए कि फिल्टर प्लांट पर सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए जाएं। परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाए एवं मुख्य द्वार पर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए।

**आकस्मिक स्थिति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था :** नगरपालिका सीएमओ द्वारा बताया गया कि किसी भी संभावित जल संकट से निपटने हेतु पर्याप्त ट्रैक्टर-टैंकर की व्यवस्था कर ली गई है। जल प्रदाय व्यवस्था को स्थायी रूप से मजबूत करने हेतु नई मोटरों की खरीदी का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। आगामी 2 से 3 माह में नई मोटरें स्थापित होने के बाद मशीनरी संबंधी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

**अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील :** नगर पालिका शिवपुरी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। यदि किसी क्षेत्र में जल आपूर्ति संबंधी समस्या हो तो तत्काल हेल्पलाइन पर संपर्क करें, नगरपालिका द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी गलत सूचना, बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन व नगरपालिका पूर्णतः शिवपुरी के नागरिकों की सेवा हेतु प्रतिबद्ध हैं।

### पेयजल समस्या निराकरण के लिए कंट्रोल रूम गठित करने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने पेयजल संबंधी समस्या को देखते हुए कंट्रोल रूम गठन करने के निर्देश दिए थे जिससे कि पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण किया जा सके। नागरिक जल प्रदाय से संबंधित अपनी शिकायतें कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9202140627 पर दर्ज करा सकते हैं। कंट्रोल रूम के प्रभारी रमेश कुमार सिंह (मो. 7987169492), सिटी मिशन मैनेजर को बनाया गया है। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु कंट्रोल रूम का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।



**महिला बाल विकास और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

# मौके पर पहुँचकर रुकवाया बाल विवाह

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 8 मई।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सभी परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्र में भ्रमण करें। बाल विवाह संबंधी सूचना मिलने पर तत्काल पहुंचकर कार्रवाई करें। बाल विवाह जैसी बुराई को रोकना है। कहीं भी बाल विवाह नहीं होना चाहिए।

निर्देशानुसार महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रियंका बुनकर के नेतृत्व में विभाग की पर्यवेक्षकों, पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने खनियाधाना क्षेत्र के ग्राम छिराई और नदावन में चाइल्ड लाइन से मिली सूचना के आधार पर 8 मई 2026 को होने जा रहे बाल विवाह को सफलतापूर्वक रुकवा दिया। अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के तहत सख्त चेतावनी देते हुए बताया कि निर्धारित आयु (लड़का 21 वर्ष और लड़की 18 वर्ष) से कम में विवाह करने पर 2 साल की जेल और 1 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। प्रशासनिक समझाइश के बाद माता-पिता ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित सहमति दी कि वे बच्चों के बालिग होने के बाद ही उनकी शादी करेंगे। इस कार्रवाई में विभाग की पर्यवेक्षक सुनीता सूत्रकार, रंजना उपाध्याय, वैशाली राणा एवं पुलिस विभाग से नरेंद्र पाल, संदीप कुजूर, दिनेश प्रताप सिंह सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर 12 को कारण बताओ नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 8 मई।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा ने जनगणना कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। इसमें लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है।

जनगणना 2027 के कार्य में लापरवाही बरतने और आदेशों की अनदेखी करने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 12 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तहसीलदार और नगर पालिका अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार इन कर्मचारियों ने जनगणना सामग्री लेने से इनकार किया और सूचना के बावजूद काम पर उपस्थित नहीं हुए। इस लापरवाही को देखते हुए रितु मिश्रा, देवेन्द्र शर्मा, मनोरमा धाकड़, किशोर कुमार भगत, सुरेन्द्र कुमार तिवारी, मधुमती कुशमी, देवेन्द्र राठौर, राहुल देव राजौरिया, नवल किशोर भार्गव, बलवीर सिंह जादौन, वीरेन्द्र राजे और प्रवीण दुबे को नोटिस जारी किया गया है।

राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्पष्ट निर्देश जारी दिए हैं कि सभी प्रगणक सुपरवाइजर अपनी ड्यूटी के लिए समय पर जाएं और जनगणना कार्य समय सीमा में होना चाहिए।

## पाइप लाइन वाले क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य

**शिवपुरी, 8 मई।** शिवपुरी जिला प्रशासन ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार उन क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन अनिवार्य कर दिया है, जहाँ पाइप लाइन बिछ चुकी है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश अनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इसके लिए थिंक गैस कंपनी को अधिकृत किया गया है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य घरेलू गैस की किल्लत को दूर करना और पाइप लाइन के जरिए सुरक्षित ईंधन की पहुंच सुनिश्चित करना है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं के घर के पास पाइप लाइन उपलब्ध है, उन्हें अगले तीन महीने के भीतर अनिवार्य रूप से नया कनेक्शन लेना होगा। यदि इस समय सीमा में पीएनजी नहीं लगवाया जाता, तो संबंधित गैस एजेंसी को वर्तमान एलपीजी कनेक्शन काटने के निर्देश दे दिए जाएंगे। समय सीमा समाप्त होने के बाद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिलने में समस्या होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी।

# आईपीएल में सट्टा खिलाते दो दबोचे, शिवपुरी में दो की जा चुकी है जान



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 8 मई।** जिले के युवक न केवल शिवपुरी में बल्कि इंदौर में भी आईपीएल सट्टे का खेल खिला रहे थे, जिन्हें इंदौर पुलिस ने धर दबोचा। इनके कब्जे से 3 लैपटॉप, 39 मोबाइल सहित 1.40 लख रुपए मिले हैं, जबकि यह गिरोह करोड़ों रुपए का लेनदेन अभी तक कर चुके थे। यह गिरोह आईपीएल मैचों के दौरान इंदौर में किराए का कमरा लेकर इस खेल को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने मकान मालिक को भी सह आरोपी बनाया है।

गौरतलब है कि शिवपुरी जिले के बदरवास एवं दिनारा में दो लोग आईपीएल सट्टे में लाखों रुपए हारने के बाद अपनी जान दे चुके हैं। पुलिस अभी शिवपुरी में गिरोह के सदस्यों की तलाश भी पूरी नहीं कर पाई थी कि इंदौर से एक खबर

**युवकों के दिल्ली व दुबई से भी थे सम्पर्क**

आई। जिनमें आईपीएल सट्टा खिलाने वाला 7 सदस्यीय गिरोह ऊषा नगर कॉलोनी में दबोचा गया। इंदौर की क्राइम ब्रांच ने बताया कि यह लड़के आईपीएल मैचों के दौरान किराए का कमरा लेकर उसने सट्टा खिला रहे थे। इंदौर में 'डायमंड सर्वर' के जरिए करोड़ों रुपए का ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहे थे। इंदौर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में शशांक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, निखिल कौशल, शुभम कौशल, जतिन शर्मा, अर्पित तिवारी और प्रियांश जैन गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी शिवपुरी के निवासी बताए जा रहे हैं।

आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए नकद, लैपटॉप, 39 मोबाइल फोन और करोड़ों रुपए के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं। जांच में नेटवर्क के तार दिल्ली और दुबई तक जुड़े होने की बात सामने आई है।

### खुद को गोली मारकर कर ली थी आत्महत्या

शिवपुरी जिले के बदरवास कस्बे में रहने वाले संदीप सोनी ने आईपीएल में लाखों रुपए हारने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इसके तीन दिन बाद दिनारा में अमन भार्गव ने 3 लाख रुपए आईपीएल सट्टे में हारने के बाद जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। अमन द्वारा बताए गए सट्टा खिलाने वाले आरोपियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# एई और पार्षद पति में बहस, मामला कोतवाली पहुंचा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 8 मई।** शिवपुरी नगर पालिका में गुरुवार देर शाम पानी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के काम को लेकर विवाद हो गया। नगर पालिका के सहायक अभियंता (एई) सचिन चौहान और वार्ड क्रमांक-6 की पार्षद मोनिका सड़ैया के पति सीटू सड़ैया के बीच हुई कहासुनी के बाद मामला कोतवाली पहुंच गया। एई सचिन चौहान ने सीटू सड़ैया पर गाली-गलौज, मारपीट की कोशिश और शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। दूसरी ओर, पार्षद पक्ष

**नगर पालिका में जल कार्य को लेकर विवाद, मड़ीखेड़ा जलावर्धन योजना से जुड़ा विवाद**

भी थाने पहुंचा और कार्रवाई न होने पर विरोध प्रदर्शन व धरने की चेतावनी दी।

विवाद की मुख्य वजह वार्ड क्रमांक-6 में मड़ीखेड़ा जलावर्धन योजना के तहत डाली जा रही पानी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन है। कलार गली में पाइप लाइन बिछाने के दौरान स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार तय मानकों के अनुसार तीन फीट गहराई में पाइप डालने के बजाय कम गहराई में काम कर रहा था। निवासियों के विरोध के बाद काम रुकवा दिया गया था। हालांकि, लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो लाइन दोबारा डाली गई और न ही खोदी गई सड़क की मरम्मत की गई है। इससे क्षेत्र में पानी के टैंकरों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। इसी समस्या को लेकर पार्षद पति सीटू सड़ैया नगर पालिका कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने जनता की परेशानी का हवाला देते हुए जल्द काम शुरू कराने की मांग की। इसी दौरान एई सचिन चौहान और सीटू सड़ैया के बीच बहस हुई, जो बाद में विवाद में बदल गई।

### एक नजर में



**डॉ. दोहरे का हुआ मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयन**

**नरवर, 8 मई।** नरवर नगर के डॉ विमल दोहरे पुत्र श्री केदार सिंह दोहरे (सेवा निवृत्त पटवारी) का मध्य प्रदेश शासन में मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेदिक) के पद पर चयन हुआ है। यह परीक्षा फरवरी माह में राष्ट्रीय आयुष मिशन भोपाल द्वारा आयोजित की गयी थी। जिसका परीक्षा परिणाम दिनाँक 04 मई को घोषित हुआ है। विमल दोहरे ने पूरे प्रदेश में 153 रैंक हासिल करके नरवर नगर का नाम रोशन किया है एवं पुरुषों की 74 रिक्त सीट में 59 वां स्थान मेरिट में प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकारगणों हनुमंतसिंह रावत, कृपालसिंह सोलंकी, मोहन सिंह कुशवाहा, निशांत प्रजापति, गणेश कुशवाहा के अलावा नगर के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि गणों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें शुभकामनाएं दी हैं डॉ विमल दोहरे का चयन मेडिकल ऑफिसर के पद पर होने पर नरवर नगर में खुशी का माहौल व्याप्त है।

# तीन दिन से राशन वितरण प्रक्रिया ठप

**शिवपुरी, 8 मई।** जिले के शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल में सर्वर के काम न करने से उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पा रहा। कंट्रोल संचालक जहां हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं, तो वहीं अपनी मजदूरी छोड़कर तीन दिन से गरीब उपभोक्ता कंट्रोल की दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में ओआईसी फूड अजीत तोमर का कहना है कि हम सतत् संपर्क कर रहे हैं कि सर्वर की समस्या दूर हो तथा उपभोक्ताओं को राशन मिल सके। वार्ड नंबर 10 की कंट्रोल दुकान के संचालक दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले 3 दिन से सर्वर की समस्या आ रही है। हमारे साथियों ने बताया कि सुबह सर्वर अच्छा काम करता है, तो हमने सुबह 7 बजे उपभोक्ताओं को कॉल करके बुला लिया, लेकिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक उपभोक्ताओं के साथ हम भी यह इंतजार करते रहे कि सर्वर चल जाए तो हम उपभोक्ताओं को राशन वितरण कर दें। राशन न मिलने की वजह से उपभोक्ताओं की नाराजगी का सामना भी करना पड़ रहा है। कंट्रोल संचालक राठौड़ ने बताया कि इस बार दो माह का राशन वितरण करना था, लेकिन सर्वर न चलने से वितरण ठप पड़ा है। साथ ही आबंटन भी पूरा नहीं दिया है, तथा 120 क्विंटल की जगह 80 क्विंटल गेहूं भेजा है, जो सभी उपभोक्ताओं को वितरित नहीं हो पाएगा।

**इनका कहना है...**

हम मुख्यालय से कर रहे संपर्क यह बात सही है कि सर्वर की समस्या के चलते राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। हम लगातार मुख्यालय से संपर्क कर इस समस्या को दूर करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

**- अजीत तोमर, पीआईसी फूड शिवपुरी**

# जनता का भरोसा जीतना मेरी पहली प्राथमिकता : भुटिया

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 8 मई।** नवागत पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भुटिया



ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण करते ही साफ संकेत दे दिए कि जिले में कानून व्यवस्था से किसी तरह का समझौता नहीं होगा। चार्ज संभालने के बाद उन्होंने कहा कि आम जनता और पुलिस के बीच भरोसे का मजबूत रिश्ता कायम करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

नई एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें तथा हर शिकायत को संवेदनशीलता और गंभीरता से लें। एसपी यांगचेन डोलकर भुटिया ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे आम व्यक्ति बिना भय के अपनी समस्या पुलिस तक पहुंचा सके। उन्होंने पुलिस टीम को प्रोफेशनल, जवाबदेह और जनहित केंद्रित कार्यशैली अपनाने पर जोर दिया। नई एसपी के पदभार ग्रहण करते ही पुलिस महकमे में नई ऊर्जा दिखाई दी। जिलेवासियों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

**एसपी ने पदभार संभालते ही दिखे सख्त तेवर :** पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया ने पदभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिले की अपराध स्थिति, कानून व्यवस्था और लंबित मामलों की विस्तार से जानकारी ली। नवागत एसपी ने स्पष्ट कहा कि अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई और आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम करना प्राथमिकता होगी।






# लोड़ी माता पर चल रही भागवत कथा में उमड़ रहा भक्तों का जनसैलाब

**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 8 मई।** आज कथा के छठवें दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता दिनेश शास्त्री जी ने हजारों भक्तों को कथा का रसपान कराते

**आज भागवत कथा परीक्षित सुनीता केसिया व भगवान श्री कृष्ण का हुआ विवाह**

हुए कंस वध की कथा का वृतांत सुनाया तथा कृष्ण- रुक्मणी विवाह की कथा को सुनाया और कहा कि नरवर में आज रात्रि 8:00 बजे से 11:00 तक गांधी बाजार से भगवान



श्री कृष्ण की बारात का आगमन होगा जो गांधी बाजार ,गणेश बाजार होते हुए लोड़ी माता मंदिर पहुंचेगी जहां पर संपूर्ण विधि विधान से कथा



परीक्षित श्रीमती सुनीता केसिया से भगवान श्री कृष्ण की शादी होगी ,ऐसा बहुत कम देखने व सुनने को मिलता है जब कोई भक्त संपूर्ण विधि विधान से भगवान से शादी करता है यह एक अद्भुत भक्तिमय शादी का आयोजन नरवर नगर में स्थित लोड़ी माता मंदिर प्रांगण में



आयोजित है ,नरवर क्षेत्र वासियों के अलावा ग्वालियर संभाग में भक्तों और भगवान की भक्ति का एक जीता जागता उदाहरण है, एक अनोखी भक्तिमय शादी है जो लोड़ी माता मंदिर पर संपूर्ण विधि विधान से संपन्न होगी तथा शास्त्री जी ने कहा कि बगैर भक्ति के इस संसार में सुख हासिल नहीं हो सकता, कथा परीक्षित सुनीता केसिया ने भगवान श्री कृष्ण से शादी कर कृष्ण भक्त होने का एक संदेश भगवान के भक्तों को दिया है तथा भागवत कथा में नरवर नगर के अलावा भिंड, मुरैना, ग्वालियर ,शिवपुरी, वृंदावन, दिल्ली, मुंबई, इंदौर ,गोवा, जयपुर आदि सभी प्रदेशों से हजारों की संख्या में भक्तगण कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं तथा राष्ट्रीय संतों का भी आगमन हो रहा है जिससे संतो के दर्शन करने लाभ क्षेत्रीय भक्तों को हो रहा है।


